भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1501
उत्तर देने की तारीख 12 दिसम्बर, 2023
21 अग्रहायण, 1945 (शक)

युवा लीडरशिप पोर्टल

1501. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) युवा कार्यक्रम विभाग के अंतर्गत युवा लीडरशिप पोर्टल के विकास का ब्यौरा और स्थिति क्या है;

(ख) युवा लीडरशिप पोर्टल पहल को कार्यान्वित करने के लिए ग्रामीण और शहरी मलिन बस्तियों में डिजिटल अवसंरचना की कमी के साथ-साथ डिजिटल नेटवर्क न होने और डिजिटल निरक्षरता को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत वंचित सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि से युवा नेतृत्व में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ग): एक स्वायत्त निकाय मेरा युवा भारत (माई भारत) की स्थापना अमृतकाल के दौरान 'कर्तव्य बोध' और 'सेवा भाव' के माध्यम से युवा विकास और युवा नेतृत्व वाले विकास के लिए प्रौद्योगिकी संचालित एक व्यापक सक्षम तंत्र के रूप में की गई है। माई भारत की संकल्पना युवा विकास और युवा नेतृत्व वाले विकास के लिए एक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी संचालित सुविधा प्रदाता के रूप में की गई है, जिसका प्रमुख लक्ष्य युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को साकार करने और सरकार के संपूर्ण तंत्र में एक 'विकसित भारत' के निर्माण में योगदान करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने हेतु समान अवसर प्रदान करना हैं। माई भारत (https://www.mybharat.gov.in) के लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म विकसित किया है, जिस पर देश भर के युवा पंजीकरण कर सकते हैं और इस पोर्टल पर उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न स्वयंसेवी अवसरों के लिए साइनअप कर सकते हैं। इस प्लेटफार्म के माध्यम से युवाओं के लिए नेतृत्व विकास की भी परिकल्पना की गई है जिसमें आइसोलेटेड फिजिकल इंट्रेक्सन से प्रोग्रामेटिक कौशल में बदलाव करके अनुभवात्मक लर्निंग के माध्यम से उनके नेतृत्व कौशल में सुधार किया जाएगा, उन्हें सामाजिक नवप्रर्वतक, समुदायों में नेता और उन्हें

''निष्क्रिय प्राप्तकर्ता'' न बनाकर युवा विकास का ''सक्रिय संचालक'' बनाने तथा युवा नेतृत्व विकास की ओर सरकार का ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

(ख) मेरा भारत मंच का उद्देश्य युवाओं को सामुदायिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बनने हेतु सशक्त बनाने के लिए एक फिजिटल (भौतिक+डिजिटल) पारिस्थितिकी तंत्र सृजित करना है। डिजिटल नेटवर्क तक पहुंच और स्वयंसेवी अवसरों के साथ युवा परिवर्तन एजेंट और राष्ट्रनिर्माता बनेंगे जिससे वे सरकार और नागरिकों के बीच 'युवा सेतु' के रूप में कार्य कर सकेंगे।

*****